दैनिक जागरण 25/05/24

छोटे प्रयास भविष्य के प्लेसमेंट में बड़ा बदलाव लाएंगे : डा. रोहित

प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने वाले विद्यार्थी। • सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में प्लेसमेंट सेल ने स्नातक की डिग्री पूरी करने के तुरंत बाद उम्मीदवारों के लिए उनकी रुचि के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के व्यापक अवसर खोले हैं। इसके अंतर्गत अपना पाठ्यक्रम पूरा करने वाले छात्रों को नौकरी प्रदान करने के इरादे से कालेज में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई। इस कैंपस भर्ती का मुख्य उद्देश्य जीवन के प्रारंभिक चरण में वांछनीय और कुशल कार्य बल की पहचान करना है। प्राचार्य ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी प्लेसमेंट ड्राइव के द्वारा विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्तर पर नौकरी खोजने में समय और प्रयास को कम करने हेतु रोजगार मेला आयोजित किया गया। प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज डा. अनुपमा सिहाग ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न नामी गिरामी कंपनियों ने शिरकत की। दूसरे राउंड के तहत तीन विद्यार्थियों प्रतीक राज राणा, बीएससी फाइनल ईयर, ऋतिक कुमार बीकाम, गगनदीप सिंह बीए का चयन एचडीएफसी बैंक में मैनेजर के पद एवं फाइनेंशियल कंसलटेंट के पद के लिए किया गया। वही लगभग 20 विद्यार्थी शार्टलिस्टिड भी हुए हैं।